# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला,विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) परीक्षा, 2019 के मूल्यांकन से संबंधित आवश्यक सूचना

### विज्ञप्ति संख्या - 27/2019

एतद् द्वारा सभी विद्यालय/+2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानों, मूल्यांकन केन्द्र निदेशकों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) परीक्षा, 2019 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य दिनांक 28.03.2019 से प्रारम्भ होना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु मूल्यांकन से संबंधित परीक्षकों के नियुक्ति–पत्र संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से वितरण किया जायेगा। संबंधित विद्यालय/+2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान अपने विद्यालय/महाविद्यालय से संबंधित परीक्षकों के नियुक्ति–पत्र दिनांक 28.03.2019 को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से स्वयं या अधिकृत व्यक्ति द्वारा प्राप्त कर संबंधित परीक्षक को हस्तगत करायेंगे एवं सभी सह–परीक्षक/प्रधान परीक्षक आवंटित मूल्यांकन केन्द्र पर योगदान देते हुए मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करेंगे।

कृपया इसे अतिआवश्यक समझा जाये।

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./- (महीप कुमार सिंह)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/गो./5671/18-SECY/207/19
Dt. 27.03.2019
D.O.P- 28.03.2019